>

Title : Need to construct a bridge on river Sone Between Daundnagar and Narsariganj in Aurangabad and Rohtas districts respectively.

श्री महाबली सिंह (काराकाट): महोदय, बिहार के रोहतास और औरंगाबाद जिला नक्सल प्रभावित जिले हो। सोन नदी में पुल न बनने के कारण नदी के किनारे गांवों में नक्सली शरण लेते हैं। पुल के अभाव में नक्सलियों पर काबू पाने में राज्य सरकार को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है अगर जिला औरंगाबाद के दाउदनगर और रोहतास जिला के नासरीगंज के बीच में सोन नदी पर पुल का निर्माण करा दिया जाए तो यात्रियों को 50 किलोमीटर की दूरी कम तय करनी पड़ेगी और नक्सलियों पर काबू पाने में आसानी होगी।

अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि दाऊदनगर और नासरीगंज के बीच सोन नदी पर पुल का निर्माण यथाशीघ्र कराने हेतु प्रभावी एवं सकारात्मक कदम उठावें।